Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date:** 12.01.2023

AIIMS, जोधपुर में अवसर ■ 114 पद

सीनियर रेजिडेंट के पदों पर मौके

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 45 वर्ष निर्धारित। आयु की गणना 03 फरवरी, 2023 के अनुसार होगी। आरक्षित वर्ग को छूट नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से पदानुसार संबंधित विषय में एमडी/एमएस/एमडीएस/डीएनबी/एमएससी/पीएचडी डिग्री एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं होनी चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** चयन के लिए लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/स्क्रीनिंग टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों को प्रस्तुत करना होगा। लिखित परीक्षा के लिए 40%, एकेडमिक रिकॉर्ड के लिए 30% एवं साक्षात्कार के लिए 30% वेटेज अंक निर्धारित हैं।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** इच्छुक उम्मीदवार 03 फरवरी, 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : रुपये 1000/- www.aiimsjodhpur.edu.in

भारतीय वन्यजीव संस्थान ■ 26 पद

प्रोजेक्ट फेलो, प्रोजेक्ट असिस्टेंट व अन्य पद रिक्त

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु पदानुसार 30/35/40 वर्ष।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पदानुसार 60% अंकों के साथ ग्रेजुएशन/पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं व कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
- **चयन-प्रक्रिया :** शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को कोई टीए/डीए देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की नियुक्ति अनुबंध के आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए होगी।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** आवेदक 10 फरवरी, 2023 तक आवेदन पत्र एवं संबंधित दस्तावेज को भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के पते पर अवश्य भेज दें।

आवेदन शुल्क : रुपये 500/- https://www.wii.gov.in

Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

Public Relations Office

Newspaper: Amar Ujala **Date: 12.01.2023**

होमगार्ड डिपार्टमेंट, राजस्थान ■ 3,842 पद

गृह रक्षा स्वयंसेवक के पद खाली

- **योग्यताएं :** मान्यता प्राप्त स्कूल से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण। पात्रताओं से संबंधित जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य देखें।

Job of the day

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित। आयु की गणना 01 जनवरी, 2023 के अनुसार होगी। अभ्यर्थियों का जन्म 01 जनवरी, 2005 के बाद एवं 01 जनवरी, 1988 से पूर्व का न हो।
- **चयन-प्रक्रिया :** चयन के लिए फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट (पीईटी)/फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट (पीएसटी)/विशेष योग्यता/मौखिक व्यक्तित्व परीक्षण/मेडिकल टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के सभी चरणों के लिए कुल 50 अंक निर्धारित हैं। अभ्यर्थियों के संबंधित प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** अभ्यर्थी 11 फरवरी, 2023 तक आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन शुल्क : रुपये 250/- https://home.rajasthan.gov.in

योग्य अभ्यर्थी करें अप्लाई...

- **सीएसआईआर-भारतीय रसायन प्रौद्योगिकी संस्थान :** वैज्ञानिक, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान वैज्ञानिक के पदों पर मौके।
  अंतिम तिथि : 31 जनवरी, 2023 ■http://www.iict.res.in
- **एनटीपीसी लिमिटेड :** उम्मीदवार अभियंता (प्रचालन) एवं सहायक रसायनज्ञ के पदों पर आवेदन कर सकते हैं।
  अंतिम तिथि : 20 जनवरी, 2023 ■www.ntpc.co.in